# जंगली शूकर के शिकार के मामले में वन विभाग ने 4 आरोपियों को किया गिरफ्तार, अदालत ने भेजा जेल

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पश्चिम वनमंडल छिंदवाड़ा (सामान्य) के अंतर्गत तामिया वन परिक्षेत्र के ग्राम नवरीटोला में जंगली सूअर का अवैध शिकार करने वाले चार आरोपितों को वन विभाग ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार बीते मंगलवार की देर रात लगभग 12:10 बजे मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर परिक्षेत्र अधिकारी गुरुदयाल साहू के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने ग्राम नवरीटोला में दबिश दी। तलाशी के दौरान आरोपितों के घरों से पका हुआ जंगली सूअर का मांस और शिकार में प्रयुक्त हथियार बरामद किए गए। धरमसिंह से



कड़ाही में लगभग 1 किग्रा मांस, किसन काजले से बर्तन में 1 किग्रा मांस, संतलाल भोपा से हथियार एवं थाली में 250 ग्राम मांस बरामद हुआ। पूछताछ में चारों आरोपितों ने एकमत होकर शिकार की बात स्वीकार की।

गिरफ्तार आरोपितों में धरमसिंग पिता धारसिंग काजले उम्र 30 वर्ष, निवासी नवरीटोला, चमनसिंग पिता सुक्कन काजले उम्र 35 वर्ष, निवासी नवरीटोला, किसन पिता बलदेव काजले उम्र 40 वर्ष, निवासी नवरीटोला और संतलाल पिता धीरन भोपा उम्र 39 वर्ष, निवासी नवरीटोला शामिल है। वन विभाग ने पी.ओ.आर. प्रकरण क्रमांक 2255/79 दर्ज करते हुए आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 2(16), 9, 39, 50, 51 और 52 के तहत मामला दर्ज किया। 5 अगस्त को आरोपितों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां न्यायाधीश पूजा मौर्या ने सभी 4 आरोपितों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजने का आदेश दिया। मामले में अन्य संभावित सहयोगियों की जांच जारी है। वन अमले की मुख्य भूमिका इस कार्यवाही में उप वनमंडलाधिकारी सीमा ठाकुर के निर्देशन में परिक्षेत्र अधिकारी गुरुदयाल साहू, परिक्षेत्र सहायक पी.एस. इनवाती, कुंआबादला अमला, बीट प्रभारी भांडी, वनरक्षक महेंद्र बघेल और यशवंत परतेती समेत वन अमले का सराहनीय योगदान रहा। वन विभाग की अपील है कि वन्यजीवों का अवैध शिकार और तस्करी कानूनन अपराध है। आमजन ऐसे किसी भी कृत्य की सूचना तुरंत नजदीकी वन कार्यालय को दें। वन्यजीवों की रक्षा करना हम सभी का नागरिक कर्तव्य है।





## राजपूत भवन में चल रही शिव महापुराण कथा का समापन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** स्थानीय वार्ड नं. 44 राजपूत भवन में चल रही शिव महापुराण कथा का समापन हुआ। शिव महापुराण कथा पं. सुनीत तिवारी द्वारा शानदार सुनाई गई इस दौरान मोहल्लेवासी एवं परिजन उपस्थित थे।

**सार-समाचार**

## मानसरोवर कॉम्पलेक्स से नागपुर रोड तक चला रोको-टोको अभियान



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने, मुख्य मार्गों को अतिक्रमण मुक्त करने तथा आम नागरिकों की राह आसान करने के उद्देश्य से नगर निगम प्रशासन द्वारा कार्रवाई तेज कर दी गई है। नगर निगम आयुक्त चंद्र प्रकाश राय के आदेशानुसार एवं अतिक्रमण अधिकारी सागर बोरकर के कुशल नेतृत्व में निगम की टीम द्वारा शहर के विभिन्न प्रमुख और व्यस्त क्षेत्रों में वृहद रोको-टोको अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई।

अभियान के अंतर्गत मानसरोवर कॉम्प्लेक्स से लेकर फव्वारा चौक तक सार्वजनिक सड़क एवं फुटपाथ पर किए गए अस्थायी अतिक्रमणों को तत्काल हटवाया गया। इसके उपरांत फव्वारा चौक से नागपुर रोड स्थित इमलीखेड़ा चौराहे तक रोको-टोको अभियान चलाकर सभी फुटकर व्यापारियों को सड़क व फुटपाथ पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न करने की कड़ी हिदायत दी गई। इसी क्रम में चार फाटक ओवरब्रिज के नीचे अव्यवस्थित ढंग से बैठे फुटकर व्यापारियों को सड़क से हटाकर निर्धारित स्थानों पर व्यवस्थित कराया गया। साथ ही छोटे तालाब मार्ग से होते हुए आदिवासी म्यूजियम (संग्रहालय) तक अभियान चलाकर दुकानदारों एवं फुटकर व्यापारियों को अपनी सीमाओं में रहकर व्यापार करने की समझाइश दी गई। इसी मार्ग पर स्थित दुबे नर्सिंग होम के संचालक को भी अपने परिसर के निर्धारित क्षेत्र में ही वाहनों की पार्किंग सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही बुधवार को बड़वन क्षेत्र अंतर्गत नागपुर रोड स्थित शराब दुकान के सामने भी मुस्तैदी से कार्रवाई की गई। नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहर के विभिन्न स्थानों पर सड़कों को सुगम और सुरक्षित बनाने हेतु यह रोको-टोको अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

## जामसावली के दुकानदारों को न्याय दिलाने जारी रहेगा संघर्षः विधायक विजय चौरे



**पीपला नारायणवार, देशबन्धु।** प्रसिद्ध चमत्कारिक हनुमान मंदिर जाम सांवली परिसर में नवनिर्मित हनुमान लोक की दुकानों की नीलामी प्रक्रिया को लेकर विवाद लगातार जारी है। स्थानीय नागरिकों एवं पुराने दुकानदारों ने विधायक विजय चौरे के नेतृत्व में मंदिर परिसर के समीप एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर नीलामी प्रक्रिया में पुराने दुकानदारों को प्राथमिकता देने की मांग की। विधायक विजय चौरे ने कहा कि पुराने दुकानदार लंबे समय से यहां व्यवसाय कर अपनी आजीविका चला रहे हैं। ऐसे में उन्हें नीलामी प्रक्रिया में प्राथमिकता मिलनी चाहिए। उन्होंने पूर्व में भी ट्रस्ट से इस संबंध में मांग की थी, लेकिन नीलामी प्रक्रिया में कोई बदलाव नहीं किया गया। इसके विरोध में पुराने दुकानदारों ने धरना जारी रखा। धरने के दौरान विधायक विजय चौरे एवं दुकानदारों ने आगामी रणनीति को लेकर चर्चा की। विधायक चौरे ने दुकानदारों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जाम सांवली के दुकानदारों को न्याय दिलाने के लिए उनका संघर्ष जारी रहेगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक रामराव महाले, विधायक विजय चौरे, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र येमदे, चंद्रशेखर गुर्वे, सुनील तिवारी, डॉ. राजेश सोमकुंवर, विट्ठल गायकवाड़, किशोर खरपुरिया, रामशिला सूर्यवंशी, गणेश चौधरी, गणेश चौरे, राजा बोडे, प्रशांत धुर्वे, शिव सालोटकर, जुबेर अली, गुलशन गजभिए सहित बड़ी संख्या में दुकानदार एवं नागरिक उपस्थित रहे।

## सांसद विवेक बंटी साहू ने चार गंभीर मरीजों को दिलाई सहायता

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से गंभीर रूप से बीमार एवं आर्थिक रूप से कमजोर 4 मरीजों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपनी स्वेच्छानुदान निधि से 1 लाख 80 हजार की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। यह सहायता राशि मिलने से नागपुर और छिन्दवाड़ा के अस्पतालों में भर्ती आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के गंभीर मरीजों का इलाज हो सकेगा।

उल्लेखनीय है कि विगत दिनों गंभीर रूप से बीमार मरीजों के परिजनों ने सांसद बंटी विवेक साहू से संपर्क कर मरीजों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता राशि दिलाने की गुहार लगाई थी। जिसे गंभीरता से लेते हुए सांसद श्री साहू ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र प्रेषित कर मरीजों को आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध कराने का निवेदन किया था। जिस आधार पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अमरवाड़ा के ग्राम कहुआ निवासी अरविन्द पिता अमरचंद उइके को 65 हजार, मोहखेड़ के वार्ड नंबर 08 निवासी अरूण पिता मुन्नालाल साहू को 50 हजार, छिन्दवाड़ा के खिरसाडोह निवासी श्रीमती राबिया पति जीमल खान को 35 हजार एवं अमरवाड़ा के वार्ड नंबर 01 निवासी मानवती पति जोशीराम रामटेक को 30 हजार की आर्थिक सहायता अपनी स्वेच्छानुदान निधि से स्वीकृत की है।

गौरतलब है कि सांसद बंटी विवेक साहू से उनके सांसद कार्यालय एवं जिले के प्रवास के दौरान कई लोगों द्वारा आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध कराने के लिए निवेदन किया जा रहा है। जिसके आधार पर सांसद श्री साहू द्वारा भी आवेदनों पर तत्काल ही गंभीरता दिखाते हुए लोगों की हर संभव मदद की जा रही है, सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से लगभग प्रतिदिन मरीजों को लाखों रूपयों की आर्थिक मदद उपलब्ध हो रही है। सांसद श्री साहू के निवेदन पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा भी सीएम हाउस और मंत्रालय भोपाल भेजे जा रहे आवेदनों पर तत्काल ही कार्यवाही करते हुए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की जा रही है।

## छिन्दवाड़ा के प्रभुनारायण नेमा प्रांतीय सचिव और डी के नागरकर कार्यकारिणी सदस्य हुए मनोनीत

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** यूनाइटेड फोरम फॉर पावर एम्प्लाइज एंड इंजीनियर्स मप्र के संस्थापक एव संरक्षक व्हीकेएस परिहार एवं केंद्रीय प्रबंध कार्यकारिणी 26-28 की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष आर. एस. कुशवाहा के द्वारा यूनाइटेड फोरम की प्रदेश कार्यकारिणी के विस्तार में वरिष्ठ श्रमिक नेता एवं विद्युत अधिकारी कर्मचारियों के लिए संघर्षरत प्रभुनारायण नेमा को पुनः प्रांतीय सचिव एवं डी.के. नागरकर को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के पद पर मनोनीत किया गया। यूनाइटेड फोरम फॉर पावर एम्पलाईज एंड इंजीनियर्स विद्युत मंडल की सभी उत्तरावर्ती विद्युत कंपनियों के अधिकारी कर्मचारियों के सभी वर्गों का संगठन है।

प्रांतीय सचिव के पद पर मनोनीत प्रभुनारायण नेमा ने प्रदेश नेतृत्व में प्रमुख स्थान दिए जाने पर सभी का आभार व्यक्त करते हुए विद्युत कंपनियों में कार्यरत सभी विद्युत अधिकारी कर्मचारियों के हितों की रक्षा एव शोषण के खिलाफ सदैव संघर्षरत रहने का संकल्प व्यक्त किया है।





नव गठित प्रदेश कार्यकारिणी में संरक्षक- इंजी. वी.के.एस. परिहार भोपाल, अध्यक्ष- इंजी. आर.एस. कुशवाह भोपाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष- इंजी. जेड.ए. खान भोपाल एवं एम.जी. सक्सेना, सतना, उपाध्यक्ष- इंजी. जे.एल. तेजराज भोपाल, आर.एस. परिहार जबलपुर, इंजी. एस.एन. वर्मा शाजापुर, इंजी. उदित अग्रवाल जबलपुर, इंजी. ए.पी.एस. चौहान जबलपुर, शंभु सिंह जबलपुर, आई.डी. पटेल बालाघाट, सचिव- प्रभुनारायण नेमा छिंदवाड़ा, कोषाध्यक्ष- राकेश नायक भोपाल, संयुक्त सचिव सुभाष व्यास भोपाल, संगठन सचिव- दुर्गेश दुबे भोपाल, प्रचार/मीडिया प्रभारी- लोकेन्द्र श्रीवास्तव भोपाल, कार्यालय सचिव- विवेक विश्वकर्मा भोपाल, कार्यकारिणी सदस्य-इंजी. आर.एन.एस. ठाकुर भोपाल, इंजी. एस.एस. ठाकुर भोपाल, इंजी. मनोज कुमार अग्रवाल भोपाल, इंजी. सुदर्शन सोलंकी भोपाल, इंजी. निर्मल शर्मा इंदौर, इंजी. प्रदीप मिश्रा इंदौर, डी.के. नागरकर छिंदवाड़ा, इंजी. संजय केंकरे जबलपुर, इंजी योगेन्द्र सिंह सारणी, इंजी मुकेश कुमार बंसल ग्वालियर बनाए गए है।

## सर्वोदय हिंसा ने दिया मांझे में फंसे पक्षी को जीवनदान

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** बुधवार 5 अगस्त को नगर के सबसे व्यस्ततम तिराह सत्कार तिराहे पर एक पीपल के वृक्ष पर लगभग 40 फिट की ऊंचाई पर एक पक्षी मांझे में उलझकर तड़प रहा था। हजारों लोग आ जा रहे है और अपना दुख भी प्रगट कर रहे है लेकिन उस मूक पक्षी को बचाने का विचार किसी को भी नहीं आया। मांझे में फंसे पक्षी पर आस्था श्रेय सिंघई की नजर पड़ी ओर उन्होंने तुरंत ही सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक दीपक राज जैन से मदद मांगी और पक्षी का वीडियो पहुंचाया। अहिंसा प्रेमी दीपक राज जैन सर्प मित्र हेमंत गोदरे एवं शिवानी पवार को लेकर सत्कार तिराह पहुंचने जहां देखा कि पक्षी बहुत ही बुरी तरह अधिक ऊंचाई पर मांझे में उलझा है। अहिंसा प्रेमियों ने नगर निगम की स्कायलेब मशीन बुलाई ओर यातायात विभाग की टीम से व्यस्तम ट्रैफिक रुकवाकर निगम की मशीन के माध्यम से शिवानी पवार ऊपर चढ़ी ओर पक्षी का रेस्क्यू कर उसे सकुशल नीचे लाया। जहां दीपक राज जैन ने उसका



मांझा काटकर जलपान कराया ओर घायल पक्षी को उड़ाने की कोशिश की परंतु पक्षी के दोनों पैरों में चोट आने से वह नहीं उड़ सका। दीपक राज जैन एवं शिवानी पवार पक्षी को लेकर पशु चिकित्सालय पहुंचे जहां वेटनेरी सिविल सर्जन डॉक्टर प्राची चड्डा ने उसका उपचार किया ओर उसे औषधि पिलाई एवं इस नेक कार्य के लिए अहिंसा प्रेमियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। आपकी बता दें कि पक्षी के स्वस्थ होने तक सर्प मित्र हेमंत गोदरे एवं शिवानी पवार अपनी देखरेख में रखकर औषधि देंगे पश्चात स्वस्थ होने पर उसे खुले आसमान में विचरण करने के लिए छोड़ देंगे। 3 घंटे चले सफल रेस्क्यू जीव दया के पवित्र कार्य की सभी ने सराहना की ओर दीपक राज जैनए हेमंत गोदरेए शिवानी पवार को धन्यवाद देकर देश वासियों से चाईना मांझे ने दूरी बनाए रखने की अपील की।

## मूंग की तुलाई के लिए भटक रहे किसान

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** भारतीय किसान संघ ने कलेक्टर को ग्रीष्मकालीन मूंग की तुलाई में हो रही समस्याओं से ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया । ग्रीष्मकालीन मूंग की तुलाई के लिए किसान दर-दर भटक रहा है परेशान हो रहा है वेयरहाउस में लंबी लंबी लाइन है एक वेयरहाउस में 200 से 250 ट्रैक्टरों की लाइन लगी हुई हैऔर किसान कम से कम 10 से 12 दिन तक अपनी मूंग तुलाई के लिये का इंतजार कर रहा है प्रशासनिक अमला तुलाई के लिए लगा हुआ है लेकिन वेयरहाउस प्रबंधक एवं सर्वेयरों की मनमानी के कारण किसान परेशान हो रहा है अतः भारतीय किसान संघ मांग करता है 2 से 3 दिन जिले की सभी मंडीयो को बंद कर कर सिर्फ मूंग उपार्जन कर तुलाई में तेजी लाई जाए एवं वहां से परिवहन कर वेयरहाउस में माल जमा करवाया जाए एवं शनिवार और रविवार को भी तुलाई निश्चित की जाए । सिलेट का टाइम निकालने के कारण उनकी डेट बढ़ाने के लिए किसान कृषि संचालक विभाग के चक्कर लगा रहा है किसी किसान का माल तो तोल गया है लेकिन डेट निकल जाने के कारण उनका बिल नहीं बन रहा है तो किसी किसान का बिल बनाने के लिए अंगूठा नहीं मिल रहा है भारतीय किसान संघमांग करता है कि मूंग के बिल किसान के मोबाइल के ओटीपी के द्वारा बनाए जाएं ।

## पटवारियों की हड़ताल जारी, अपनी मांगों को लेकर अनशन पर डटे

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश पटवारी संघ के आव्हान पर जिला इकाई छिन्दवाड़ा के पटवारियों द्वारा तहसीलदारों को बस्ता सौपकर अनिश्चितकालीन हड़ताल प्रारंभ कर दी है।

इनकी प्रमुख मांगे है कि मध्य प्रदेश शासन के द्वारा समस्त विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों को कई वर्षों बाद पदोन्नत किया गया परंतु पटवारी वर्ग को प्रदेश में कोई भी पदोन्नति का लाभ नहीं दिया जा रहा है। जबकि भू प्रबंधन एवं संसाधन विभाग के ही अन्य कर्मचारियों को पदोन्नत किया गया है। शासन के ऐसे सौतेले एवं पटवारियों के प्रति भेदभाव पूर्ण व्यवहार से संपूर्ण प्रदेश में पटवारियों ने खुलकर आर पार के



लड़ाई हेतु 3 अगस्त से मोर्चा खोल दिया है।

पूर्व में मप्र पटवारी संघ भोपाल की प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर 8 जुलाई 2026 को मुख्यमंत्री के नाम से ज्ञापन समस्त जिला कलेक्टर को सौंपा गया था। जिसमें मुख्य रूप से पटवारियों को कैडर रिव्यू की मांग का उल्लेख किया गया है। अन्य मांगो में समयमान वेतन विसंगति, लंबित मानदेय, नायब तहसीलदार विभागीय परीक्षा एवं पटवारियों को जज प्रोटेक्शन एक्ट का लाभ दिए जाने का उल्लेख पद किया गया है। इन माँगो के 7 दिवस में पूर्ण न होने की स्थिति में चरणबद्ध आंदोलन के तहत 15 जुलाई से 3 दिवसीय सामूहिक अवकाश, 20 जुलाई से काली पट्टी बांधकर कार्य किया जाना, 24 जुलाई से समस्त शासकीय ग्रुप्स का बहिष्कार एवं 28 जुलाई से ऑनलाइन कार्यों से विरत रहते हुए 3 अगस्त से आंदोलन के अंतिम चरण में सभी पटवारियों द्वारा अपना अभिलेख बस्ता तहसील कार्यालय में जमा किया जाकर कलम बंद हड़ताल की शुरुआत कर दी गई है। इस दौरान पटवारी समस्त प्रकार के शासकीय कार्यों से विरत रहेंगे की जानकारी जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई है। बता दें कि पटवारियों का ऐसे समय पर हड़ताल पर जाना जब मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत शुक्रवार 7 अगस्त को छिन्दवाड़ा जनसुनवाई में आ रहे है और कलेक्ट्रेट में ही कार्यक्रम होगा।